

## एक नजर में



### स्कूल में लगी स्वच्छता की पाठशाला

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत उज्जैन नगर निगम द्वारा स्वच्छता में शक्ति उज्जैन की भक्ति अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में इंदौर रोड स्थित प्रशांति धाम साईं सनातन स्कूल के विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन करते हुए स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया कि किस प्रकार कचरे का अलग-अलग प्रक्रिया के माध्यम से निष्पादन किया जाता है। किस प्रकार कचरे से खाद बनाई जाती है, घर से निकलने वाले गीले कचरे से घर में ही होम कंपोस्टिंग के माध्यम से खाद बनाए जाने की प्रक्रिया अलग-अलग प्रकार के डस्टबिन की जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही स्कूल के प्राचार्य ने आश्वस्त किया कि स्कूल से निकलने वाले कचरे का स्वयं द्वारा निष्पादन करेंगे एवं होम कंपोस्टिंग को अपनाएंगे। इस दौरान शिव कुमार नायर चेयरमैन, प्राचार्य प्रीति जादौन, नगर निगम की सहयोगी संस्था फीडबैक फाउंडेशन के सुपरवाइजर एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष डॉ. सिंह, डॉ. पांखुरी वक्त बनीं सचिव



**उज्जैन।** राष्ट्रीय एकात्मकता को समर्पित संगठन भारत भारती की उज्जैन इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इसमें डॉ. हरीशकुमार सिंह को अध्यक्ष और डॉ. पांखुरी वक्त को सचिव नियुक्त किया गया है। भारत भारती मध्यप्रदेश की संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर ने बताया कि उज्जैन इकाई के संरक्षक की जिम्मेदारी शिक्षाविद दिवाकर नातू को सौंपी गई है। संस्था के मार्गदर्शक मंडल में डॉ. नागेश्वर राव, डॉ. हरिमोहन बुधौलिया, एमके जैन और मुकेश जोशी शामिल किए गए हैं। नई कार्यकारिणी में शैलेष लेले, डॉ. संगीता पाटकर और चंद्रकांत नामजोशी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। शशांक दुबे संगठन मंत्री, डॉ. नंदिनी सक्सेना व संगीता तल्लेरा सहसचिव और सुभाष पाठक कोषाध्यक्ष होंगे। रणजीत कालरा को संगठन विस्तार प्रमुख, संजय त्रिवेदी को नवाचार रणनीति प्रमुख और शैलेंद्र पांडे को विचार एवं संस्कृति प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। महिला प्रकोष्ठ एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रमुख डॉ. अनामिका सोनी होंगी। डॉ. तपस्या ठाकुर को कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. अभिलाषा शर्मा को सहकार्यक्रम प्रबंधक और रेखा अडसुले को कार्यक्रम समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### परिजन पत्रिका बांटकर लौटे तो लापता मिली बेटी

**उज्जैन।** पुत्री की शादी होने पर माता-पिता पत्रिका बांटने गये थे, जब वापस लौटते तो पुत्री घर छोड़कर लापता हो चुकी थी। मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई और पुत्री द्वारा आभूषण साथ रूपये ले जाने की बात भी कहीं है। मामला मक्सीरोड पंवासा क्षेत्र का सामने आया है। यहां रहने वाले परिवार में 1 मई को पुत्री का विवाह होना है। माता-पिता गुरुवार को पत्रिका बांटने गौतमपुरा गये थे। शाम को जब वापस लौटते तो पुत्री घर छोड़कर लापता हो चुकी थी। सभी जगह तलाश करने पर नहीं मिली तो मामले की शिकायत पंवासा थाने पहुंचकर की गई। परिजनों का कहना था कि तलाश के दौरान पता चला कि पुत्री को दूसरे धर्म के युवक बहला-फुसलाकर साथ ले गया है। उन्होने पुलिस को यह भी बताया कि लापता हुई पुत्री घर से लाखों के आभूषण और नगद रूपये भी अपने साथ ले गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उक्त युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### चक्रतीर्थ में हुआ बगलामुखी तांत्रिक अनुष्ठान

**उज्जैन।** बगलामुखी जयंती के पावन अवसर पर चक्रतीर्थ श्मशान स्थित कालवा भैरव मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अघोर बगलामुखी तांत्रिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। तांत्रिक सम्राट भय्यू महाराज के सानिध्य में आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अनुष्ठान के दौरान अनेक भक्तजनों ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और सिद्धि के लिए हवन में आहुतियां अर्पित कीं। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ अघोर साधना में हिस्सा लेकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर तांत्रिक सम्राट भय्यू महाराज ने बताया कि कलयुग में अघोर बगलामुखी का अनुष्ठान अत्यंत शीघ्र फलदायक माना गया है।

# सिंहस्थ के लिए जो जरूरत पड़ेगी, उसकी पूर्ति सीएसआर फंड से

## कलेक्टर ने सीएसआर के माध्यम से ली बैठक, सिंहस्थ महापर्व 2028 में सहयोग होगा, उद्योगपतियों के साथ हुई चर्चा

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में महाकुंभ की तैयारी चल रही है, कुछ ऐसे कार्य भी हैं जो सरकार के भरोसे नहीं छोड़े जा सकते, क्योंकि सरकार जितना कर रही है वह बहुत बड़ा योगदान है, ऐसे में कुछ जिम्मेदारी समाज की, व्यापारियों की और स्वप्रेरणा से आगे आने वाले दानदाताओं की भी बनती है। जो उज्जैन के लिए कुछ करना चाहते, यही कारण है कि उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने महाकुंभ में पढ़ने वाली जरूरत की पूर्ति सीएसआर फंड से जुटाने के लिए पहल की।

सिंहस्थ में पेयजल आपूर्ति के लिए 500 वाटर एटीएम अनुमानित लागत 10 करोड़ रुपए, मेडिकल सुविधाएं (अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र, एम्बुलेंस, बोट एम्बुलेंस), सैनिटाइजेशन के अंतर्गत 1,50,000 मोबाइल टॉयलेट्स एवं युरिनल अनुमानित लागत 50 करोड़ रुपए, घाटों पर महिलाओं के लिए 2000 चेंजिंग रूम अनुमानित लागत 6 करोड़ रुपए, हाइब्रिड सोलर लाइटिंग, 3000 मोबाइल चार्जिंग स्टेशन, 500 ई वी चार्जिंग स्टेशन, अनुमानित लागत 47.5 करोड़ रुपए, 20 हजार डस्टबिन




(जीरो वेस्ट इवेंट के लिए), बैरिकेडिंग, 10,0000 डायरेक्शनल साइनेज अनुमानित लागत 30 करोड़ रुपए, सौंदर्यीकरण, वॉलंटियर यूनिफॉर्म, ई-कार्ट और शिप्रा नदी की सफाई व्यवस्था के लिए सहयोग की आवश्यकता है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत सीएसआर (कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी) के माध्यम से आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए स्थानीय उद्योगों के संचालक और प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने कहा कि वर्तमान में हरिफाटक ब्रिज के पास इंदौर रोड पर बन रहे श्री महाकालेश्वर भक्त निवास में उद्योगपति रूम स्पॉन्सरशिप या मेंटेनेंस के माध्यम से योगदान दे सकते हैं। बैठक में प्रयागराज कुंभ 2026 के सीएसआर उदाहरणों का भी उल्लेख किया गया। कलेक्टर ने कहा कि सिंहस्थ के अवसर पर श्रद्धालुओं को निर्बाध रूप से सुविधाएं प्रदान करना ताकि वे यहां से सुखद अनुभव ले कर जाएं न केवल हमारी ड्यूटी है। बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। इसमें सभी के सहयोग की अपेक्षा है। सिंहस्थ में उद्योगों को न केवल सेवा देने का बल्कि अपनी ब्रांडिंग के साथ स्थायी विरासत छोड़ने का भी अच्छा मौका मिलेगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे शीघ्र अपनी क्षमता के अनुसार सीएसआर के माध्यम से सहयोग दें। बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों ने कलेक्टर की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

### सबसे बड़ा समागम-ये रहे मौजूद

एम पी आय डीसीबी द्वारा पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से सिंहस्थ महापर्व की रूपरेखा और आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि सिंहस्थ 2028 के दौरान लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने की संभावना है। यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम होगा, जो कॉर्पोरेट जगत के लिए अनूठा सीएसआर अवसर प्रस्तुत करता है। ऐसी पहल के जरिए न सिर्फ लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि ब्रांड को अभूतपूर्व दृश्यता, सीएसआर अनुपालन और दीर्घकालिक सामाजिक विरासत भी प्राप्त होगी। प्रथम कौशिक, राजेश राठौड़, गेल इंडिया सहित पीथमपुर, महू, स्थानीय इंडस्ट्रियल एरिया के प्रमुख उद्योगों के संचालक और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### प्रयागराज कुंभ से प्रेरणा

प्रयागराज कुंभ में फार्मा, आदानी विल्मर, एशियन पेंटस, बजाज इलेक्ट्रिकल्स, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, आईआईएफएल फाउंडेशन, स्विगी, इंस्टामार्ट, वेलस्पन आदि कंपनियों ने स्वास्थ्य शिविर, भोजन वितरण, स्क्रीन्स, हॉट वॉटर बैग्स, वॉटर एटीएम, पोलिस बूथ आदि सुविधाएं प्रदान की और सराहनीय ब्रांडिंग हासिल की है। इससे एकल-खिड़की नियंत्रण एवं सख्त निगरानी, पूर्ण ष्स्स्त्रअनुपालन, ग्लोबल ब्रांडिंग एवं अंतरराष्ट्रीय मान्यता जैसे लाभ मिलेंगे। यह सिर्फ भागीदारी नहीं, बल्कि आध्यात्मिक अवसर पर मिशन में योगदान और संस्थागत प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का सुनहरा अवसर है।

## बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने की भगवान महाकाल की भस्मारती

**उज्जैन।** बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा शनिवार को उज्जैन आए। उन्होंने पत्नी के साथ बाबा के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। वे तड़के 4 बजे मंदिर पहुंचकर भस्मारती में भी शामिल हुए। विजय कुमार सिन्हा ने नंदी हॉल में बैठकर पूरी भस्मारती देखी। आरती के बाद उन्होंने नंदी जी का भी पूजन-अभिषेक कर कान में अपनी मनोकामना कही। सिन्हा ने मंदिर के चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारियों के जरिए जल अर्पित किया। उन्होंने मीडिया से कहा



कि महाकाल की नगरी उज्जैन में सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि हर बिहारी का गौरव बना रहे, सभी स्वस्थ रहें और महाकाल की कृपा सब पर बनी रहे।

## आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला उज्जैन द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा के अवसर पर एक गरिमामय जिला स्तरीय व्याख्यान माला का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय, दशहरा मैदान उज्जैन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्वानों एवं संतजनों के प्रेरणादायक उद्‌बोधन ने उपस्थित जनसमुदाय को भारतीय संस्कृति, अद्वैत दर्शन एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया।



मुख्य अतिथि मोहन नागर रहे। मुख्य वक्ता स्वामी असंगानंद महाराज ने उद्‌बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि अजीता परमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिव प्रसाद मालवीय ने अभियानों की जानकारी साझा की। प्राचार्य डॉ. प्रशांत पौराणिक ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन रचना शर्मा ने किया। जय दीक्षित ने आभार व्यक्त किया। इंद्रेश पंवार, मोहनसिंह परिहार, अरुण व्याय, नम्रता तिवारी, रेणुका श्रोत्रिय, संदीप मालवीय लोकेन्द्र मालवीय, विपिन धाकड, माया उपाध्याय व अन्य मौजूद रहे।

## उज्जैन के बगलामुखी में नवनिर्मित अन्नक्षेत्र का आज उद्‌घाटन

**उज्जैन।** भैरवगढ़ रोड स्थित उज्जैन के प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर में नवनिर्मित अन्नक्षेत्र का उद्घाटन आज रविवार को शाम 6 बजे भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर गादीपति योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में होगा।



अन्नक्षेत्र का निर्माण भोसरी पुणे महाराष्ट्र के रहने वाले उद्योगपति बालासाहेब हीरामण लांडगे ने महंत श्री रामनाथ जी की प्रेरणा से हिरामण केशव लांडगे व कृष्णाबाई रामभाऊ येलवंडे की पुण्य स्मृति में कराया है। उद्घाटन समारोह उज्जैन के संत-महंत, जनप्रतिनिधि, ब्राह्मण व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रसिद्ध नृत्यांगना रागिनी मक्खर इंडियाज गॉट टैलेंट विनर की प्रस्तुति भी होगी। इस विशाल अन्नक्षेत्र में भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था संचालित की जाएगी। सिंहस्थ 2028 में इसका बड़ा लाभ मिलेगा। कई महीनों से इसका निर्माण चल रहा था। अन्नक्षेत्र में अनेक प्रकार की हाईटेक मशीनें भी लगाई गई है जिससे स्वादिष्ट भोजन तैयार होगा। अन्नक्षेत्र का विशाल भवन बनकर तैयार है। उद्घाटन के बाद इसे प्रसादी के लिए शीघ्र शुरू किया जाएगा।

## शादी में ढोल पर नाचने की बात को लेकर मारा चाकू

- चंदूखेड़ी में श्याम राधे होटल में विवाह समारोह चल रहा था

**उज्जैन।** शादी में नाचने के लिए ढोली को एक तरफ बुलाने की बात पर हुए विवाद में चाकूबाजी हो गई। एक युवक घायल हुआ है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर चाकू मारने वाले की तलाश शुरू की है। चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम चंदूखेड़ी स्थित श्याम राधे होटल में विवाह समारोह का आयोजन चल रहा था। जहां ढोल बज रहे थे। जिस पर समारोह में शामिल लोगों द्वारा नाच गाना किया जा रहा था। उसी दौरान समारोह में आए इंगोरिया के अभिषेक पिता नंदकिशोर पोरवाल ने ढोली को अपनी ओर बुलाकर ढोल बजाने के लिए कहा। इसी बात पर ढोल पर दूसरी ओर नाच रहे शुभम जायसवाल ने आपत्ति जताई। जिसके चलते दोनों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ी कि अभिषेक जायसवाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर अभिषेक पोरवाल पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी से समारोह में अफरा-तफरी मच गई। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। चाकू से हमला करने वाले भाग निकले थे।

### इंदौरगेट पर ढोली को मारे चाकू

मोहन नगर में रहने वाला अंबाराम पिता गंगाराम ढोल बजाने का काम करता है। जिसकी दुकान इंदौर गेट पर है। आसपास कुछ और ढोल बजाने वालों की दुकानें बनी हुई हैं। कुछ दिन पहले कार्यक्रम में ढोल बजाने की बात पर अंबाराम का विवाद जितेन्द्र से हो गया था। बीती रात जितेन्द्र ने अंबाराम को इंदौरगेट बुलाया और अचानक चाकू से हमला कर दिया। जानकारी मिलते ही डायल-112 मौके पर पहुंची। हमला करने के बाद जितेन्द्र भाग निकला था। घायल का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

### 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

उज्जैन। नीलगंगा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कच्चा मसानिया स्थित मंदिर के पीछे एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ (एमडी ड्रग्स) लेकर बिक्री के लिए खड़ा है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम राकेश उर्फ चिना पिता शांतिलाल जगदेव 48 वर्ष, निवासी राजीव रत्न कॉलोनी, उज्जैन बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पारदर्शी पन्नी में हल्के भूरे रंग का पाउडरनुमा पदार्थ बरामद हुआ। जिसकी पहचान एमडी ड्रग्स के रूप में की गई। जिसका वजन 11 ग्राम पाया गया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर गिरफ्तार किया। बरामद ड्रग्स को जब्त किया गया। ड्रग्स के साथ युवक को पकड़ने में थाना प्रभारी तरुण कुरील, वर्षा सोलंकी, मेवाराम सखवार, प्रियंका की भूमिका रही है।

## राही के बिना पत्रकारिता का इतिहास अधूरा : जैन

**जनकवि, पत्रकार राही का 42वां स्मृति समारोह**

**उज्जैन।** प्रखर पत्रकार, जनकवि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मानसिंह राही की स्मृति में 42वां काव्याचन, व्याख्यान और सम्मान समारोह रविशंकर नगर स्थित मानसिंह राही उद्यान परिसर में मनाया गया।

अध्यक्षीय उद्‌बोधन सोसायटी फॉर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव ने दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के आयाम और प्रतिमान बदल गए हैं। कंठाल कभी सोता नहीं था। यह परिवर्तन का दौर है। राही ने निर्भीकता से पत्रकारिता की। यही कारण है कि आज भी उन्हें याद किया जाता है।

प्रमुख वक्ता के रूप में सुनील




जैन ने कहा कि वक्त बेशक बदला है लेकिन लोगों की उम्मीदें और आकांक्षाएं नहीं बदली। पत्रकारिता का दौर बदल गया है। अब नए संसाधनों के साथ अखबार निकल रहे हैं लेकिन विश्वसनीयता दांव पर है। राही के बिना उज्जैन की पत्रकारिता का इतिहास अधूरा है। जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेषानंद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र यादव और उमेश सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। आयोजन समिति की ओर से काव्यार्चन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कवियों को राही सम्मान से अलंकृत किया गया। अतिथियों का सम्मान अर्जुन सिंह राही, दीपक शर्मा, दीपेश वाधवानी आदि ने किया।

### सम्मान से भावुक हुआ राही परिवार

42 साल के इतिहास में पहली बार यह अवसर आया जब किसी संस्था ने जनकवि मानसिंह राही को मरणोपरांत सम्मानित किया। कलम क्रांति साहित्य मंच की ओर से उन्हें कलम क्रांति सम्मान सुगनचंद जैन और अनिल पांचाल व अन्य ने दिया। सम्मान पाकर राही परिवार भावुक हो गया। संचालन कवि, पत्रकार नरेंद्र सिंह अकेला ने किया।

### 5 को हवन और भंडारा

**उज्जैन।** चिन्तामण जवासिया स्थित चमनकुटी आश्रम में 1 मई से 5 मई 2026 तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सजन चौधरी ने बताया कि परम पूज्य ब्रह्मलीन चमन गिरी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हवन एवं महंत चादर विधि का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान साधु-संतों का आगमन रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 1 मई को प्रातः 5 बजे श्री खेड़ापति सरकार के विशेष पूजन एवं चोला श्रृंगार से होगी। शाम को सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। 1 से 5 मई तक प्रतिदिन शाम को भजन संध्या आयोजित होगी। 5 मई को हवन, चादर विधि और विशाल भंडारे होगा।

## महापौर ने किया चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण

- राशि रुपए लगभग 10 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे
- चार्जिंग स्टेशन के निर्माण कार्य

**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शनिवार को मक्सी रोड स्थित सिटी बस डिपो के स्थान पर राशि रुपए लगभग 10 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे चार्जिंग स्टेशन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित उपयंत्री कृष्णा भूरिया द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में वर्कशॉप बिल्डिंग एवं ऑफिस निर्माण का कार्य प्रचलित है। चार्जिंग स्टेशन के निर्माण होने से 100 से अधिक बसों



की क्षमता वाला स्टेशन बनेगा, जिसमें मीटिंग रूम, डिपो मैनेजर रूम, ऑफिस रूम, गार्ड रूम इत्यादि सुविधा रहेगी महापौर द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्य गुणवत्ता पूर्वक एवं जो समय सीमा निर्धारित की गई है कार्य की उसी अवधि में पूर्ण हो।

## सिवरेज लाइन के शेष कार्यों को करें समय सीमा में

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया
- चरक का निरीक्षण

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल ने शनिवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. पटेल ने अस्पताल की विभिन्न सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने लिफ्टों की स्थिति देखकर बंद लिफ्टों को तत्काल चालू करने के निर्देश दिए। सिवरेज लाइन के शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मरीजों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।



### गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकें लगाएं

इस दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का भी अवलोकन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं, विशेषकर हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को ड्यू लिस्ट के अनुसार निर्धारित समय पर टीके लगाए जाएं। इस अवसर डॉ. संगीता पलसानिया, हिमांगी चौहान सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**भीषणगर्मी से जीना मुहाल** — देर शाम तक महसूस हो रही गर्म हवा, मई में भीषण गर्मी-रात 8 बजे तक भी तपन जारी थी

## गर्मी ने किया बेहाल : सूरज उगल रहा आग, 43 डिग्री पहुंच तापमान

**उज्जैन।** सूरज ने आग उगलना शुरू कर दिया था। शनिवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था, तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम ढलने के बाद भी गर्म हवा महसूस हो रही थी मौसम विभाग ने तापमान और बढ़ने का अलर्ट जारी किया है, पश्चिम की ओर से आ रही गर्म हवा से लू का खतरा भी बढ़ गया है।

अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह तक बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला पश्चिमी विक्षोभ के चलते बना हुआ था, अब पिछले 4-5 दिनों से तापमान में तेजी दर्ज की जा रही है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया था। शनिवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियसप हुंच गया। पश्चिम दिशा की ओर से आ रही गर्म हवा ने लू चलने का खतरा बढ़ा दिया था। मौसम विभाग में पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो सकता है जो अब सही साबित होता दिखाई दे रहा है। शनिवार सुबह 10 बजे बाद से ही सूरज आग उगल रहा था। सड़कों पर चलना परेशानी भरा हो गया था दोपहर 12 बजे के लगभग भीषण गर्मी के चलते शहर के प्रमुख मार्गों पर भी आवागमन काफी कम हो गया था। सड़कों पर दिखाई दे रहे लोग गर्मी से बचने के लिए चेहरे और सिर पर गमछा और कपड़े से ढके दिखाई दे रहे थे। सुबह 8 बजे के लगभग 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलना शुरू हुई थी जो दोपहर में 6 किलोमीटर प्रति घंटे की हो गई थी, स्थानीय वेधशाला के अनुसार हवा पश्चिम की ओर से आ रही है जिसमें गर्माहट बनी रहेगी, गर्म हवा से लू लगने का खतरा बढ़ गया है। दिन में बढ़ रहे तापमान के साथी अब रात भी गर्म होने लगी है, शुक्रवार शनिवार रात न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री दर्ज किया गया। संभावना जताई जा रही है कि आगामी एक सप्ताह में रात का तापमान भी 25 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। तापमान बढ़ने के साथ नदी तालाब में एकत्रित पानी का वाष्पीकरण शुरू हो गया है। शहरी क्षेत्र में ट्यूबवेल और कुओं में भी पानी की आव अब कम हो रही है। शहर के सबसे बड़े जल प्रदाय के जल स्रोत गंभीर डेम का लेवल कम हो रहा

### कूलर की कीमतो में आई तेजी

अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह तक गर्मी से बचने के लिए सबसे अधिक बिकने वाले कूलरों की कीमत काफी कम थी। तापमान बढ़ने के साथ ही कीमतों में दो से ढाई गुना की वृद्धि कर दी गई है। कूलर का उपयोग जहां घरों में हो रहा है वहीं दुकानों, प्रतिष्ठानों के साथ ऑफिस और कार्यालयों में भी किया जा रहा है। कूलर की बढ़ती बिक्री को देखते हुए दुकानदारों ने भाव में वृद्धि कर दी है। एसी की कीमत स्थिर बनी हुई है। आम लोग कूलर की ओर ही रूख कर रहे हैं।